➢Postal Regd. No. MCN/298/2016-2018 ➢RNI No. MAHMUL/2015/65928
गऊ वंश पर आधारित प्रथम राष्ट्रीय साप्ताहिक समाचार पत्र हिंदी, अंग्रेजी और गुजराती भाषा में।
www.gaubharatbharati.com
संपादक - संजय शर्मा

गऊ भारत भारती

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पालघर, नाशिक, पुणे, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, गुजरात में वितरित

मूल्य २/- रुपये

● Email: gaubharatbharti@gmail.com ● वर्ष- 7 ● अंक- 35 ● मुंबई, रविवार 13 फरवरी 2022 से 19 फरवरी 2022 ● पृष्ठ- 4

Deepak Farsan Mart Kurla
दीपक फरसाण मार्ट कुर्ला
595, Pipe Road, Opposite Deepak Farsan, Kurla (W), Kurla West, Kurla, Mumbai, Maharashtra 400070 Phone: 098195 52117

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के १० जनपदों में गोमूत्र से होगी प्राकृतिक खेती

जनपद हापुड़ सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के १० जिलों में गोमूत्र और गोबर से प्राकृतिक खेती की जाएगी। कृषि विज्ञान केंद्रों पर देसी गाय के माध्यम से जीवामृत घोल तैयार किया जाएगा। गो आधारित प्राकृतिक खेती से ना केवल उत्पादकता बढ़ेगी, बल्कि सेहत के लिए भी यह काफी फायदेमंद साबित होगी। हापुड़ में स्थित कृषि विज्ञान केंद्र को भी एक देसी गाय मिली है। कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारियों का कहना है कि वेस्ट यूपी के १० जिलों में पहले गोमूत्र से प्राकृतिक खेती कराए जाने की योजना है। जुलाई के महीने से जब खरीफ फसल का सीजन शुरू होगा तब इस प्रयोग को अमलीजामा पहनाया जाएगा। रासायनिक तत्वों का धड़ाधड़ प्रयोग खेती को बेकार कर रहा है। इन तत्वों से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए गो आधारित प्राकृतिक खेती अस्तित्व में लाने की योजना तैयार की गई है। कई कृषि विज्ञान केंद्रों पर इस योजना के लिए प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। बेहतर परिणाम आने के बाद कृषि विज्ञान केंद्रों को देसी गाय उपलब्ध कराई गई हैं। गो

आधारित प्राकृतिक खेती से जमीन की उपजाऊ शक्ति और उत्पादन तो बढ़ेगी ही यह स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद साबित होगी। काफी लागत लगाने के बाद भी फसलों का उत्पादन कम हो रहा है। लोगों के भी स्वास्थ्य पर इसका बुरा असर हो रहा है। रासायनिक उर्वरा के प्रयोग से लोग विभिन्न बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। इस प्रकार से तैयार किया जाएगा जीवामृत- १० लीटर गोमूत्र, १० किलो गाय का गोबर, एक किलो उर्वरा मिट्टी, पांच सौ ग्राम दलहन का बेसन व पांच सौ ग्राम गुड़ को एक साथ मिलाकर एक सप्ताह के लिए छोड़ दिया जाएगा। पहला घोल रोपाई के समय प्रयोग किया जाएगा। जबकि सप्ताह भर बाद पुराने जीवामृत घोल को कपड़े में छानकर स्प्रेयर मशीन से फसल में छिड़काव किया जाएगा। २०० लीटर का घोल एक एकड़ फसल के लिए पर्याप्त होगा। इन दस जिलों का किया गया है चयन- हापुड़, बुलंदशहर, गाजियाबाद, सहारनपुर, शामली, रामपुर, गौतमबुद्ध नगर, शाहजहांपुर, बागपत और बदायूं का चयन प्राकृतिक खेती के लिए किया गया है। इन सभी जिलों में स्थित कृषि विज्ञान केंद्र को देसी गाय उपलब्ध कराई गई है।

क्या कहते हैं विज्ञानी सरकार की पहल पर अब किसानों को गो आधारित प्राकृतिक खेती की ओर काफी लगाव बढ़ा है। गो आधारित प्राकृतिक खेती से जमीन की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी। जबकि रासायनिक उर्वरकों के मुकाबले कम खर्च भी आएगा। गो आधारित खेती से बीमारियों से छुटकारा भी मिलेगा।

संक्षिप्त खबरें

तलाक के डर से पाकिस्तानी महिला ने माथे पर कील ठुकवा ली

एक बेटे की चाहत और पति के छोड़ देने के डर के कारण पेशावर की एक महिला ने एक फर्जी पीर बाबा के कहने पर अपने सिर पर कील गाड़ ली है। ताकि वह एक बेटे को जन्म दे सके। अब जिंदगी और मौत के बीच झूल रही इस महिला को पेशावर के अस्पताल में भर्ती कराया गया

है।डान अखबार के मुताबिक, खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक महिला ने अपने सिर में कील ठोक ली। इसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला की तस्वीरें जब सोशल मीडिया पर वायरल हुईं तो पेशावर पुलिस ने इस मामले में संज्ञान लिया।अस्पताल के कर्मचारियों ने बताया कि महिला की तीन बेटियां हैं। पति ने महिला को धमकी दी थी कि अगर उसे अगली बार भी बेटी हुई तो वह उसे छोड़ देगा। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि महिला तीन माह की गर्भवती है। ऐसे में उसे डर था कि कहीं इस बार भी उसे बेटी न हो जाए।बेटे की चाहत और पति के छोड़ने के डर के कारण महिला एक पीर के पास गई। उस नकली पीर ने महिला को एक ताबीज, पढ़ने के लिए कुछ चीजें और एक कील दी। महिला वहां से घर लौटी और अपने सिर में कील ठोक ली। जब महिला दर्द से कहराने लगी तो परिवार के सदस्यों को घटना का पता चला। परिजनों ने उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया।

जल्द ही BSE के अंदर जा सकेंगे पर्यटक

महाराष्ट्र के पर्यटन और पर्यावरण मंत्री, आदित्य ठाकरे ने बीएसई का दौरा किया और ँएँ ध्ँ आशीष चौहान के साथ बातचीत की। बताया जा रहा है की संभवतः यह बात महाराष्ट्र के स्कूलों में वित्तीय साक्षरता कक्षाएं शुरू करने के बारे में हो सकती है।

ठाकरे ने ट्विटर पर विस्तार से बताया कि बृहन्मुंबई

नगर निगम मुख्यालय और बॉम्बे उच्च न्यायालय के निर्देशित दौरों के साथ साथ अधिकारी कई ऐसी इमारतो की योजनाएं बना रहे है जहा मुंबई में आनेवाले पर्यटको को घुमाया जा सके। आदित्य ठाकरे का कहना है की इससे वे भारत की संपत्ति-निर्माण की यात्रा में बीएसई के योगदान को समझने में सक्षम होंगे। उनके ट्वीट में लिखा था, 'बीएमसी मुख्यालय और उच्च न्यायालय के निर्देशित दौरों की तरह, अब हम एक निश्चित मात्रा में पर्यटन की योजना पर काम कर रहे हैं जो इमारत का दौरा कर सके और हमारे देश की संपत्ति में बीएसई के शानदार योगदान के बारे में जान सके।

बीएमसी मुख्यालय में कोई भी पर्यटक जा सकता है और इस भव्य विरासत संरचना को देखने और समझने का आनंद ले सकता है। यह कदम हेरिटेज टूर संयुक्त रूप से नागरिक प्राधिकरण और महाराष्ट्र पर्यटन विकास निगम (एमटीडीसी) द्वारा लिया गया है।

सागवाड़ा में गौ सेवा समिति की कार्यकारिणी का शपथ समारोह, लोगों ने गायों की सेवा करने का लिया संकल्प

जिले के सागवाड़ा में स्थित वन विहार वाटिका में डूंगरपुर गौ सेवा समिति की जिला स्तरीय कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ. समारोह में समिति के संरक्षक कमलेश शास्त्री ने जहां नई कार्यकारिणी को उनके पद की शपथ दिलाई वहीं, समारोह में मौजूद लोगों को गौ सेवा का संकल्प दिलाया. वन विहार वाटिका में आयोजित गौ सेवा समिति की कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि गायत्री शक्तिपीठ के भूपेन्द्र पंड्या रहे. वहीं, समारोह की अध्यक्षता समिति के संरक्षक कमलेश शास्त्री रहे. समारोह में संरक्षक शास्त्री ने गौ सेवा समिति की जिला कार्यकारिणी को शपथ दिलाई. वहीं, समारोह में मौजूद लोगो को गौ सेवा की शपथ दिलाई . इस मौके पर संरक्षक

कमलेश शास्त्री ने कहा कि गौ माता के लिए त्याग और समर्पण भाव से समिति के सदस्यों को काम करना चाहिए. इस दौरान शास्त्री ने बताया कि गोशाला के लिए गोचर, चरागाह भूमि का उपयोग केवल गौ चरने के लिए होना चाहिए साथ ही गोचर भूमि अतिक्रमण मुक्त होनी चाहिए. इस अवसर पर शास्त्री ने सदस्यों को बताया कि गौ सेवा ही राष्ट्र सेवा है और गौशालाओं में गो माता के भोजन और सार संभाल की जिम्मेदारी होनी चाहिए . वहीं, गौशालाओं में सभी गायों की सुख सुविधाओं का ध्यान रखते हुए आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था करनी आवश्यक है. अपने उद्बोधन में शास्त्री ने बताया कि दुःख इस बात का भी होता है कि लोग गाय को आवारा भटकने के लिए बाजारों में छोड़ देते है. उन्हें इनके भूख प्यास की कोई चिंता ही नहीं होती. लोगों को चाहिए की यदि गाय पालने का शौक है तो उनकी देखभाल भी आवश्यक है, क्योंकि गाय हमारी माता है एवं गौ रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है. गौ माता का महत्व हमें समझना होगा तथा गौ संवर्धन की रक्षा हमें करनी होगी.

गोरक्षा सेवा दल की टीम ने गायों से भरा कैंटर को पकड़ा

हांसी : गोरक्षा सेवा दल की टीम ने गायों से भरे एक कैंटर को पकड़ लिया। कैंटर चालक मौके का फायदा उठाकर वहां से फरार हो गया। गोरक्षा दल की टीम ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने कैंटर को अपने कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी गई शिकायत में जिला अध्यक्ष गोरक्षा दल अनिल आर्य ने बताया कि उसे सूचना मिली थी कि हिसार की ओर से एक कैंटर जिसमें गोवंशी से भरा हुआ है और गाड़ी चालक इन गौ वंश को वध के लिए ले जा रहा है। सूचना मिलने पर वह अपने दोस्तों के साथ गाड़ी में सवार होकर हाईवे पर पहुंच गया। जिसकी सूचना उन्होंने

११२ नंबर को भी दे दी। कुछ देर बाद उन्हें हिसार की ओर से एक कैंटर आती हुई दिखाई दी। जिसको गोरक्षा दल की टीम के द्वारा रुकवा लिया गया, परंतु मौके देखते ही गाड़ी चालक गाड़ी को मौके पर छोड़कर वहां से फरार हो गया। जब गाड़ी की तलाशी ली गई तो गाड़ी में १२ गायों को ठूस-ठूस कर भरा हुआ था। बाद में गोरक्षा टीम पर सभी गायों को गऊ शाला छोड़ दिया गया। पुलिस ने कैंटर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शिकारियों ने नील गाय को मारी गोली, एक को पकड़कर गोरक्षा दल के सदस्य ने पुलिस को सौंपा

नरवाना (जींद)- नील गाय व अन्य बेसहारा पशु को खेतों में घूसने से रोकने के लिए रखवाली की आड़ में शिकारियों ने गोली मारी। शिकारियों ने एक नील गाय को गोलियां मारकर हत्या कर दी। नील गाय को मारने के बाद मौके से मोटरसाइकिल पर भाग रहे तीन शिकारियों में से एक को किसानों ने पकड़ लिया। नील गाय की हत्या करने के बाद गो रक्षा दल के अमित वर्मा को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शिकारी को काबू किया और उसको अपने साथ सदर थाना ले गई। गो रक्षा दल के

सदस्य अमित वर्मा ने बताया कि उनको सूचना मिली कि गांव भाणा ब्राह्मण के खेतों में तीन शिकारियों ने एक नील गाय की गोलियां हत्या कर दी है। वे सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे, तो देखा कि खेतों में एक नील गाय मरी पड़ी थी, जिसके शरीर पर चार गोलियों के निशान दिखाई दिए। किसानों द्वारा पकड़े गए आरोपित की पहचान नरवाना निवासी जसबीर के रूप में हुई व फरार हुए दो आरोपित गांव गुरूसर के रहने वाले है। मौके पर पहुंचे वाइल्ड लाइफ के इंस्पेक्टर मनबीर खटकड़ ने बताया कि मृतक नील गाय का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा और उसको बाद में दफना दिया जायेगा। गोरक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने बताया कि तीन दिन पहले ही आरोपितों ने गुरुसर में एक नील गाय को गोली मारी थी। आरोपित दिन में गोली मारकर नील गाय को मार देते और रात को उसको उठाकर लेकर जाते थे। जहां पर आरोपित नील गाय का मांस खाने के साथ उसको बेचने का भी काम करते हैं। इंसपेक्टर मनबीर खटकड़ ने बताया कि वन्य जीव को मारना आपराधिक मामला है। जिसके तहत अपराधी को ५ वर्ष तक की कैद व २५ हजार रूपये का जुर्माना हो सकता है।

आखिर क्यों जीवन में एक बार गाय का दान है जरूरी?

नई दिल्ली: हिंदू धर्म में दान को पुण्य कर्म कहा गया है. धार्मिक मान्यता के मुताबिक हर व्यक्ति को अपने सामर्थ्य के अनुसार दान करते रहना चाहिए. मान्यता है कि दान करने से कुंडली के ग्रह शांत रहते हैं. ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक, अगर कोई इंसान ग्रहों की स्थिति के आधार पर दान करता है तो जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है. जानते हैं कि गाय का दान क्यों जरूरी बताया गया है.



दान अनेक प्रकार के होते हैं. अलग-अलग मनोकामना की पूर्ति के लिए अलग-अलग वस्तुओं के दान का विधान है. शास्त्रों में गोदान या गाय के दान को कल्याणकारी बताया गया है. धार्मिक मान्यता है कि हर इंसान को जीवन में एक बार गाय का

दान जरूर करना चाहिए. ऐसा इसलिए, क्योंकि इससे मोक्ष की प्राप्ति होती है. साथ ही पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही पितृ दोष का भी निवारण होता है. पुराणों के मुताबिक ब्राह्मण को किया गया गाय का दान ही उपयुक्त और श्रेष्ठ है. गाय का दान किसी अंगहीन को नहीं करना चाहिए. जो यज्ञ करवा सकता हो, जिसका परिवार भरा पूरा हो और जिसकी पत्नी जीवित हो उसे ही गोदान का अधिकारी माना गया है. शांत और सदाचरी ब्राह्मण को ही गोदान करना चाहिए. धार्मिक ग्रंथो के मुताबिक गाय के अंगों में देवी-देवताओं का वास होता है. ऐसे में गाय को दान करने से पहले उनका श्रृंगार किया जाता है. मान्यता है कि गाय के सींगों में ब्रह्मा और विष्णु निवास करते हैं. इसके अलावा गाय के सिर में शिव, माथे पर गौरी और नथनों में कार्तिकेय का वास होता है.

भारत -नेपाल में रेल सेवाओं के विस्तार पर सहमति

नेपाल और भारत ने गुरुवार को जयनगर-कुर्था सेक्शन पर यात्री ट्रेनों के जल्द से जल्द संचालन को लेकर सहमति जताई है। दोनों देशों ने इस रेल खंड पर ट्रेनों के संचालन से जुड़े स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर पर हस्ताक्षर भी किए हैं। इसमें जयनगर भारत में जबकि कुर्था नेपाल में स्थित है। इसके अलावा भारत और नेपाल ने रक्सौल से काठमांडू के बीच प्रस्तावित ब्रॉड गेज रेलवे लाइन के फाइनल लोकेशन सर्वे को लेकर एमओयू पर भी साइन किया है।भारत और नेपाल के बीच ६ और ७ अक्टूबर को आयोजित ५वें संयुक्त कार्य समूह (ॅ्ळ) और ७वीं परियोजना संचालन समिति (झ्एण) की बैठकों में रक्सौल-काठमांडू रेल लाइन पर भी बनी सहमति बनी थी।

विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा है कि दोनों पक्षों ने सीमा पार

से चल रहे रेलवे लिंक के कार्यान्वयन और रेलवे क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की।मंत्रालय ने अपने बयान में बताया है कि एसओपी के जरिए जयनगर-कुर्था सेक्शन पर यात्री ट्रेनों को चलाने के तकनीकी पहलू पर सहमति बनी है। यह नेपाल के साथ क्रास बॉर्डर रेलवे लिंक में रेल सेवाओं को जल्द शुरू करने के लिए एक मार्गदर्शक दस्तावेज के रूप में काम करेगा। भारत ने यह भी कहा है कि प्रस्तावित रक्सौल-काठमांडू ब्रॉड गेज रेलवे लाइन दोनों देशों के बीच कनेक्टिविटी को और बढ़ावा देगी

इसके अलावा दोनों देशों ने भारत सरकार के अनुदान से विकसित की जा रही जयनगर-बिजलपुरा-बरदीबास और जोगबनी-विराटनगर ब्रॉड गेज रेलवे लाइनों के चल रहे कार्यों पर चर्चा की। जयनगर (भारत) से कुर्था (नेपाल) तक रेलवे लाइन ३४ किलोमीटर लंबी है। इस रेललाइन पर ट्रेनों के संचालन से भारत और नेपाल दोनों देशों ने लाखों नागरिकों को फायदा होगा।नेपाली पक्ष ने यह भी बताया कि शीघ्र संचालन की सुविधा के लिए आवश्यक नियामक ढांचा तैयार किया जाएगा। रेलवे लाइन के कुर्था से बिलाजपुरा (१७.२५ किमी) खंड के लिए। नेपाल ने जल्द से जल्द काम पूरा करने के लिए आवश्यक सुविधा प्रदान करने का आश्वासन दिया। दोनों पक्षों ने १८.६ किलोमीटर लंबे जोगबेंट-ने यूएलडी विराटनगर रेल लिंक को पूरा करने और इसके शीघ्र संचालन के काम में तेजी लाने पर भी सहमति व्यक्त की।

निराश्रित पशुओं के लिए २७ गोआश्रय केंद्र संचालित

गाजीपुर। जनपद में इस समय २७ गोआश्रय स्थल संचालित हो रहा हैं, इसके बावजूद शहर से लेकर गांव तक बेसहारा पशुओं से लोग परेशान हैं। बेसहारा पशुओं की बेतहाशा बढ़ती संख्या को देखते हुए निराश्रित पशुओं को रखने के लिए पशु विभाग की ओर से एक वृहद व तीन छोटा अस्थायी केंद्र बनाए

जाएंगे। इसके लिए विभाग की ओर से भूमि चिह्नित की जा रही है। वृहद गोआश्रय केंद्र बनाने के लिए एक करोड़ ४२ लाख रूपया खर्च किया जाएगा। छोटा निराश्रित पशुओं को रखने के लिए तीन अस्थायी केंद्र बनेगें। इन्हें बनाने में मनरेगा समेत अन्य निधियों से बजट खर्च होगा। इनकी देखरेख का जिम्मा भी ग्राम पंचायतों के पास ही रहेगा। जिला मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि जनपद में २७ गो आश्रय केंद्र संचालित हो रहे है। शासन के निर्देश पर एक वृहद व तीन छोटा गोआश्रय केंद्र बनाए जाएंगे। इसमें वृहद गोआश्रय केंद्र बनाने के लिए स्थान चिंहित कर लिया गया है।। वहीं तीन छोटे पशु निराश्रित आश्रय केंद्र बनाने के लिए स्थान चिंहित किया जा रहा है। इन केंद्रों के बनने बाद निराश्रित पशुओं से राहत मिलेगी।

पशुपति मंदिर में सबको पूजा की अनुमति

काठमांडू- कोरोना वायरस (कोभीड–१९) की तीसरे लहर शुरु होने के बाद बंद पशुपतिनाथ मन्दिर कल शुक्रबार से खुला करने की तैयारी हो रही है। पशुपति क्षेत्र विकास कोष के सदस्य सचिव डा. मिलनकुमार थापा ने इस बात की पुष्टी की है। उनके अनुसार विश्‍व स्वास्थ्य संगठन और नेपाल सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्ड को पालना करते हुए कल से मन्दिर खुला किया जा रहा है।

कोरोना संक्रमण को मध्यनजर नजर करते हुए गत माघ ५ गते से मंदिर बंद किया गया था, लेकिन नित्य पूजा जारी ही थी। जब माघ २३ गते जिला प्रशासन कार्यालय काठमांडू ने मठ, मन्दिर, मस्जिद, गुम्बा, चर्च जैसे क्षेत्र जनस्वास्थ्य मापदण्ड पालन कर पूजा, ध्यान तथा प्रार्थना के लिए खुला करने के लिए विकल्प दिया, तब पशुपति क्षेत्र विकास कोष ने भी पशुपतिनाथ मन्दिर को खुला करने की तैयारी की थी। मापदण्ड अनुसार एक समय में ५० से अधिक लोग इकठ्ठा होने के लिए मना है।

धारावी में बना भारत का सबसे बड़ा शौचालय

मुंबई के पालक मंत्री आदित्य ठाकरे ने बुधवार, ९ फरवरी को धारावी में एक सुविधा केंद्र का शुभारंभ किया, जिसमें १११ शौचालय सीटें हैं। जो इसे भारत का सबसे बड़ा सामुदायिक शौचालय ब्लॉक बनाता है। इस केंद्र से ५०,००० से अधिक निवासियों को स्नान की सुविधा, आरओ पीने का पानी, कपड़े धोने की सेवा आदि का लाभ मिलेगा। इसके अलावा, नागरिकों को केंद्र में स्वच्छता पर शिक्षा भी दी जाएगी। इसे महिलाओं और लड़कियों के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार के साथ सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। स्लम शौचालयों में हिंसा के जोखिम को कम करने के लिए रात में भी इन विशिष्ट शौचालय को खुला रखा जाएगा बृहन्मुंबई नगर निगम (ँश्ण) ने धारावी में पिछले दो वर्षों में १९ सामुदायिक शौचालयों का निर्माण किया है, जिसमें कुल ८०० शौचालय सीटों की क्षमता है।

संपादकीय...
संजय शर्मा

आतंक का दायरा

आतंकवाद के मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव की ताजा रिपोर्ट निश्चित ही चिंता बढ़ाने वाली है। इसमें कहा गया है कि अफगानिस्तान अब अलकायदा और इस्लामिक स्टेट (आइएस) जैसे आतंकी संगठनों का नया गढ़ बन गया है। पिछले छह महीनों में यहां आतंकी संगठन ज्यादा मजबूत हुए हैं। जाहिर है, तालिबान सरकार का इन्हें पूरा समर्थन मिल रहा है। हालांकि इस पर हैरानी इसलिए नहीं है कि पिछले साल अगस्त में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से ही दुनिया के तमाम देश यह आशंका जताते रहे हैं कि पाकिस्तान की तरह अब अफगानिस्तान भी आतंकी संगठनों का नया ठिकाना न बन जाए। पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव की रिपोर्ट से आशंका सही साबित हो गई है। रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि आतंकी संगठन अफगानिस्तान में आजादी का पूरा मजा ले रहे हैं। तालिबान ने अब तक कोई ऐसा संकेत भी नहीं दिया है, जिससे लगता हो कि वह अपनी जमीन से आतंकवादी गतिविधियां नहीं चलने देगा। यह कहना गलत नहीं होगा कि तालिबान की छवि किसी आतंकी संगठन से कम नहीं है। हालांकि दावा तो यह कट्टर धार्मिक संगठन होने का करता रहा है, लेकिन इसकी गतिविधियां पूरी तरह से आतंकी ही रही

हैं। अलकायदा और आइएस सहित पाकिस्तान और मध्यपूर्व के देशों के आतंकी संगठनों से तालिबान के जो संबंध रहे हैं, वे किससे छिपे हैं! इन आतंकी संगठनों की मदद से ही तालिबान अफगानिस्तान में सत्ता हासिल कर पाया है। इसलिए आतंकी संगठन अगर तालिबान के राज में ही नहीं फलेंगे-फूलेंगे तो कहां जाएंगे! रिपोर्ट में कहा गया है कि इस्लामिक स्टेट अब यहां खुद को बड़ी ताकत के रूप में स्थापित कर रहा है। जाहिर है, अगर इस्लामिक स्टेट यहां पैर जमाने में कामयाब हो गया तो यह खतरा दक्षिण एशियाई देशों खासतौर से भारत जैसे देशों को कहीं ज्यादा होगा। भारत तो पहले से ही यह आशंका व्यक्त करता रहा है कि पाकिस्तान के इशारे पर तालिबान आतंकी संगठनों और भाड़े के विदेशी लड़ाकों को कश्मीर में भेज अशांति फैला सकता है। इसके अलावा श्रीलंका जैसे देश भी आइएस के खतरे को लेकर परेशान तो हैं ही। कुछेक देशों को छोड़ दें, तो अभी भी ज्यादातर देशों ने तालिबान सरकार को मान्यता नहीं दी है। सभी देश पहले तालिबान सरकार से इस बात की गारंटी चाहते हैं कि वह किसी भी रूप में आतंकी गतिविधियों में शामिल नहीं होगा और न ही आतंकी संगठनों को अपनी जमीन का इस्तेमाल करने देगा। पर तालिबान ने अपनी तरफ से ऐसा कोई वचन नहीं दिया है। वह जानता है कि अगर उसने ऐसा करने की सोची भी तो आतंकी संगठन उसके खिलाफ ही जंग छेड़ देंगे। सवाल तो इस बात का है कि जो सत्ता हासिल ही आतंकी संगठनों के जरिए की गई हो, उसे खत्म करने के बारे में कौन और कैसे सोच सकता है! पर ऐसा भी नहीं है कि तालिबान अपने यहां जड़ें मजबूत कर रहे आतंकी संगठनों के खतरे को समझ नहीं रहा है। लेकिन बिना आतंकी संगठनों के तो उसका काम चलने वाला नहीं। अब यह चुनौती उन देशों के सामने है जो आतंकवाद की मार से जूझ रहे हैं। वैश्विक स्तर पर आतंकवाद से निपटने की एक साझा रणनीति क्या हो, इस पर गंभीरता से विचार होना चाहिए।

ईंट की जगह मेरा सिर भी चढ़ जाए, तब भी नहीं रुकेगा राम मंदिर का निर्माण - उमा भारती

जालौनः उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव का तीसरा चरण २० फरवरी को होना है। इसमें जालौन सहित बुंदेलखंड के ५ जिले शामिल हैं। वहीं बीजेपी पार्टी के प्रत्याशी गौरीशंकर वर्मा के समर्थन में पूर्व कैबिनेट मंत्री उमा भारती जालौन की उरई विधानसभा पहुंची। जहां उन्होंने एक जनसभा को संबोधित करते हुए बीजेपी को जिताने की अपील की। राम मंदिर को लेकर उन्होंने कहा कि भगवान राम मेरी आस्था का प्रतीक हैं।

ईंट की जगह अगर मेरा सिर (शीश) भी चढ़ाना पड़े तो वो भी मुझे मंजूर हैं। उन्होंने बताया कि जिस वक्त अयोध्या पर फैसला आया, उस समय मैं कोरोना पॉजिटिव थीं। इस वजह से मैं आईसीयू में एडमिट थीं। मैंने अस्पताल के बेड पर कोर्ट के फैसले को सुना। बीजेपी सरकार ने जो कहा वह पिछले पांच सालों में करके

दिखाया। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार की सत्ता आने के बाद सिर्फ लोगों के घरों और दुकानों पर कब्जा होता है। लेकिन बीजेपी सरकार ने बिना किसी भेदभाव के संपूर्ण देश मे विकास किया है। उन्होंने अपनी सरकार के कामों की तारीफ करते हुए कहा कि देश के पीएम ने तपस्वी के तौर पर देश की सेवा की हैं। केंद्र सरकार ने मुझे मां गंगा को निर्मल करने की जिम्मेदारी सौंपी। जिसे मैंने बखूबी निभाया और अपने विकास के दम पर ही हम यूपी में सरकार बनाने जा रहें हैं। उन्होंने, केन-बेतवा प्रोजेक्ट के पास होने पर खुशी जताते हुए कहा कि इस प्रोजेक्ट से पानी की समस्या दूर होंगी। इससे बुंदेलखंड में खुशहाली आएगी। समाजवादी सरकार ने सिर्फ लोगों के घरों पर कब्जा किया है, पुलिसकर्मी पीटे गए। २०१७ में बीजेपी ने प्रचंड बहुमत हासिल किया था और फिर से दोबारा सरकार बनाने जा रही हैं। उन्होंने कहा कि अखिलेश को सपने में श्री कृष्ण भगवान आये थे तो मुझे भी सपने में शोले फिल्म का सीन आया, वोट डाल दो भाजपा सरकार को वर्ना लुटेरी सरकार आ जायेगी। योगी सरकार में अपराधी बोल रहे कि हमें जेल पहुंचा दो, सड़क पर रहेंगे तो मेरी जान चली जाएंगी।

मतदान से ठीक पहले NIA ने अलकायदा के आतंकी को किया गिरफ्तार, काफी दिनों से एजेंसी को थी तलाश

लखनऊ: उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने लखनऊ में IED ब्लास्ट की साजिश रचने वाले आतंकी संगठन अलकायदा के एक सदस्य तौहीद अहमद शाह को गिरफ्तार किया है। आरोपी यूपी के लखनऊ में अलकायदा की ओर से IED विस्फोट करने की साजिश करने का काम करता था, जोकि जम्मू कश्मीर के बड़गाम जिले का रहने वाला है। इसे सोमवार को पकड़ा गया था। तौहीद पर आरोप है कि वो लखनऊ में बड़े विस्फोट की साजिश रच रहा था। इसके लिए वो राज्य में आतंकियों की भर्ती भी कर रहा था। इससे पहले NIA ने इस मामले में ५ आरोपियों को गिरफ़्तार किया था। तौहीद भर्ती करने और आतंकी घटना की साजिश रचने के इस पूरे मामले का मास्टरमाइंड है। जिस पर १५ अगस्त, २०२१ से पहले यूपी के संवेदनशील स्थानों पर आतंकी घटना को अंजाम देने की नाकाम योजना में शामिल होने का आरोप लगा था। एनआईए को इस आतंकी की तलाश काफी दिनों से थी। NIA अधिकारी का कहना है कि तौहीद ही उत्तर प्रदेश में आतंकी हमले कि लए हथियार और विस्फोटक उपलब्ध करा रहा था। अधिकारी के मुताबिक, इस मामले में जांच जारी है। इससे पहले NIA ने इस मामले में ५ आरोपियों को गिरफ़्तार किया था। मिनहाज व मुसीरुद्दीन को गिरफ्तार किया था। इनके पास से बारूद के साथ प्रेशर कुकर बम, स्वनिर्मित डेटोनेटर, ३२ बोर का एक पिस्टल, चार जिन्दा कारतूस, पोटैशियम परमैगनेट व मोबाइल आदि बरामद हुआ था, जबकि १५ जुलाई को मुल्जिम शकील, मो. मुईद व मुस्तकीम को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था।

ईवीएम सीलिंग के समय हुई धांधली, बेबी रानी मौर्य को जिताने की हो रही साजिश, आरोप लगा धरने पर बैठे कांग्रेसी

आगराः उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान खत्म हो चुका है। लेकिन आगरा की ग्रामीण विधानसभा से कांग्रेस के उम्मीदवार ने ईवीएम मशीन की सीलिंग पर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि सीलिंग के दौरान ना प्रत्याशी और ना ही उनके प्रतिनिधि के हस्ताक्षर लिए गए। जबकि रात ११.३० बजे तक प्रत्याशी का पोलिंग एजेंट स्ट्रांग रूम के बाहर खड़ा रहा। इस संबंध में कांग्रेस के प्रत्याशी ने चीफ सेकेट्री से लेकर चुनाव आयोग तक शिकायत की है। इसका विरोध प्रदर्शित करने के लिए शुक्रवार को कांग्रेस प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ स्ट्रांग रूम के बाहर धरने पर भी बैठ गए। गुरुवार को यूपी विधानसभा चुनाव के पहले चरण में ११ जिलों की ५८ विधानसभाओं के लिए मतदान हुआ। आगरा की ग्रामीण विधानसभा से पूर्व राज्यपाल बेबी रानी मौर्य बीजेपी कें टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं। इसी सीट पर कांग्रेस के उपेंद्र सिंह भी मैदान में हैं। उपेंद्र सिंह का आरोप है कि चुनाव की प्रक्रिया में मौजूद रिटर्निंग ऑफिसर ने



ईवीएम मशीन को सील करते वक्त ना तो प्रत्याशी से हस्ताक्षर लिए और ना ही उनके प्रतिनिधि अमित कुमार सिंह से। उनका कहना है कि उनके एजेंट ने ईवीएम सीलिंग करने के दौरान अपनी मौजूदगी दर्ज करने की बात कही थी, लेकिन रिटर्निंग ऑफिसर ने फोन करके बुलाने का आश्वासन दे दिया। मगर रात ढ़ाई बजे जब एजेंट दोबारा स्ट्रांग रूम पहुंचा तब तक ईवीएम सील कर दी गई थीं। उन्होंने इसकी शिकायत सबसे पहले ऑब्जर्वर से की, लेकिन उन्होंने भी इसे गंभीरता से नहीं लिया। धांधली कर बीजेपी प्रत्याशी को जिताने का आरोप कांग्रेस के प्रत्याशी उपेंद्र सिंह ने लगाया। आरोप है कि बीजेपी से पूर्व राज्यपाल चुनाव लड़ रही हैं। बीजेपी की प्रतिष्ठा दांव पर है। उन्हें जिताने के लिए बीजेपी के इशारे पर सरकारी महकमे ने खेल किया है। उन्होंने बताया कि मंडी समिति में स्ट्रांग रूम के पास एक नया दरवाजा बनाया गया है। हो सकता है कि इस दरवाजे से ईवीएम बदल दिए हों।

दूसरे चरण में सबसे धनी उम्मीदवार के पास २९६ करोड़ रुपये की संपत्ति

नोएडा- उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में सबसे धनी उम्मीदवार के पास २९६ करोड़

रुपये की संपत्ति है, वहीं एक निर्दलीय उम्मीदवार के पास ६,७०० रुपये की संपत्ति है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के नौ जिलों अमरोहा, बरेली,बिजनौर, बदायूं,मुरादाबाद, रामपुर,सहारनपुर,संभल और शाहजहांपुर में ५५विधानसभा सीटों पर १४ फरवरी को मतदान होना है।

'द उत्तर प्रदेश इलेक्शन वॉच एडं असोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) की एक रिपोर्ट में कहा गया कि उन्होंने दूसरे चरण के ५८६ में से ५८४ उम्मीदवारों के हलफनामो का आकलन किया है।

रिपोर्ट के अनुसार रामपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार नवाब काजिम अली खान ने अपनी कुल संपत्ति २९६ करोड़ रुपये बताई है और इस हिसाब से वह सबसे अमीर उम्मीदवार हैं। उनके बाद बरेली कैंट सीट से समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार सुप्रिया एरन के पास १५७ करोड़ रुपये, नौगवां सीट से भाजपा के देवेंद्र नागपाल के पास १४० करोड़ रुपये की संपत्ति है। वहीं शाहजहांपुर सीट से निर्दलीय उम्मीदवार संजय कुमार ने केवल ६,७०० रुपये की संपत्ति घोषित की है।

१० मार्च को अखिलश कहेंगे कि ईवीएम बड़ी बेवफा है, ३०० से अधिक सीटों पर खिलेगा कमल - अनुराग ठाकुर

कानपुर: उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव २०२२ के मद्देनजर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर कानपुर के दौरे पर थे। यहां उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि १० मार्च को जब नतीजे आएंगे तो अखिलेश यादव कहेंगे ईवीएम बड़ी बेवफा है। शुक्रवार को गोविंद नगर विधानसभा सीट प्रत्याशी सुरेंद्र मैथानी के समर्थन में अनुराग ठाकुर ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होने मंच से कहा कि समाजवादी पार्टी का चाल, चरित्र और चेहरा ये बताता है कि ऐसी अपराध की घटनाओं को पहले भी अंजाम देते रहे हैं।

सपा की सरकार में उन्हे संरक्षण मिलता रहा। उनके नेताओं के इसी तरह से हौसले बढ़ते थे। गरीब परिवार की बेटियों को उठा कर ले जाना। उसके साथ अत्याचार और दुर्व्यहार करना, उसे दबा दिया जाना। इस पर पहले पर्दे डाल दिए जाते थे। सपा नेताओं पर कार्रवाई नहीं होती थी। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर

ने कहा कि कोई कितना भी बड़ा नाम होगा। उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का काम किया जाएगा। सपा की सरकार थी माफियाराज, गुंडाराज चरम पर था। बहु-बेटियों का बाहर निकलना मुश्किल हो जाता था। याद करो पांच साल पहले सपा की सरकार में गुंडाराज का बोलबाला था। कहा कि योगी आदित्यनाथ की सरकार ने माफियाराज खत्म करने काम किया है। माफियाराज को माफ नहीं किया, उसे जेल में डालने या फिर प्रदेश से बाहर फेंकने का काम किया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर महाराजपुर विधानसभा सीट से प्रत्याशी सतीश महाना के समर्थन में भी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मैं आभारी हूं प्रदेश के मतदाताओं का कि एक फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है। पिछली बार भी पश्चिम यूपी में हम लोग जीत के साथ आगे बढ़े थे। जब १० मार्च को नतीजे आएंगे, फिर एक बार कमल-कमल खिलता नजर आएगा। बीजेपी ३०० से अधिक सीटें जीत रही है।

बिना गाय के मानव का भविष्य धूमिल है

किसी छोटे से छोटे कार्यक्रम का आयोजन भी बिना उसकी योजना के अपूर्ण ही रहता है। यदि कार्यक्रम की पूर्ण रूपरेखा बना ली गयी है और उसके एक-एक पहलू पर पूर्ण चिंतन-मनन कर लिया गया है तो फिर उसके संपन्न होने में किसी प्रकार की बाधा नही आ सकती। पूर्ण मनोयोग से किये गये कार्य को मिलने वाली असफलता भी कुछ शिक्षा देकर जाती है और उससे व्यक्ति निराश न होकर द्विगुणित ऊर्जा से भरकर पुन: प्रयास करता है और एक दिन सफल हो जाता है।

यह जो सृष्टि है ना यह भी किसी पुरूषार्थी योजनाकार विवेकशील पुरूष की प्रायोजना है। अंतर केवल इतना है कि वह विवेकशील पुरूष कोई सांसारिक पुरूष न होकर पारलौकिक पुरूष है, परमपुरूष है। जिसने जगत का यह सारा तामझाम बनाया है, रचा है। मानव की रचना में मानव कोई दोष निकाल दे, यह तो संभव है, क्योंकि मानव अल्पज्ञ है, उसका ज्ञान ससीम है, सीमाओं में बंधा है, पर उस असीम परमपुरूष की किसी रचना में आप दोष नही निकाल सकते। वह स्वयं भी पूर्ण है और उसकी रचना भी पूर्ण है। पूर्ण में से चाहे जितना अंश निकाल लो, चाहे पूर्ण में से पूर्ण निकाल लो वह तो पूर्ण ही रहना है। अत: उसकी रचना में कोई दोष नही निकाला जा सकता।

ईश्वर ने सृष्टि रची है तो इसमें उसने अपने पूर्ण ज्ञान और विज्ञान का समायोजन किया है। हर पग पर आपको उसके ज्ञान-विज्ञान की झलक मिल जाती है। उसकी रचना में वैसा ही समायोजन है जैसा एक कुशल शिल्पकार की रचना में होता है। जैसे एक कुशल शिल्पकार एक-एक ईंट को काट छांटकर लगाता है और देखते ही देखते एक भवन बना देता है, वैसे ही उस ईश्वर ने पूर्ण समायोजन करते हुए हर जीवधारी को एक दूसरे के साथ समन्वय बनाने के लिए भेजा है। उसने ना तो कोई वनस्पति अनुपयोगी बनायी है और ना ही कोई पशु-पक्षी या कोई जीवधारी अनुपयोगी बनाया है। सबकी अपनी-अपनी उपयोगिता है, अपना-अपना महत्व है। जो लोग ईश्वर के रचना विज्ञान के इस रहस्य को जानते समझते हैं कि उसने कोई भी वनस्पति या जीवधारी अनुपयोगी बनाया है। सबकी अपनी-अपनी उपयोगिता है, अपना-अपना महत्व है। जो लोग ईश्वर के रचना विज्ञान के इस रहस्य को जानते समझते हैं कि उसने कोई भी वनस्पति या जीवधारी अनुपयोगी नही बनाया। जो लोग ईश्वर की सृष्टि को इसी भाव से देखते हैं कि यहां सब एक दूसरे के सहयोग के लिए और एक दूसरे का सहयोग कर रहे हैं, वे इस संसार में रहकर सदा सकारात्मक ऊर्जा से भरे रहते हैं और प्रत्येक प्राणी को अपने लिए उपयोगी और सहयोगी मानते हैं। ऐसे लोगों की ऐसी सकारात्मक सोच के कारण प्राकृतिक संतुलन भी बना रहता है, और हर व्यक्ति संसार के समस्त प्राणियों के साथ सहयोगी बनकर चलने का प्रयास करता है। ऐसे लोगों की वेद की भाषा में घोषणा होती है :-

मित्रस्याहं चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षे (यजु. ३६/१८) अर्थात मैं सब प्राणियों को मित्र की दृष्टि से देखता हूं। कहने का अभिप्राय है कि जैसे कोई सच्चा मित्र अपने मित्र की हत्या नही कर सकता वैसे ही किसी अन्य को अपना मित्र मानने के कारण एक व्यक्ति उसकी हत्या अपने निहित स्वार्थ अर्थात उदरपूर्ति के लिए नही कर सकता। इसका एक कारण यह भी है कि जब मनुष्य हिंसा से किसी की हत्या करके मांसाहार करने लगता है तो उस समय उसकी प्रवृत्ति दानवी अर्थात घात-प्रतिघात वाली हो जाया करती है। ऐसी प्रवृत्ति से बुद्धि का नाश होता है और व्यक्ति

सदा अपने आपे से बाहर होने वाला आचरण-व्यवहार करता रहता है। तब क्या होता है?

यत्र वि जायते यामिन्यपर्तु: सा पशून क्षिणाति रिफती रूशती। (अथ. ३/२८/१) अर्थात जिस अवस्था में बुद्धि विशेष बिगड़ जाती है अमर्यादित हो उठती है और असंतुलित होकर अपनों पर ही घात-प्रतिघात करने लगती है तो वह शास्त्राघात से मारती हुई तथा अन्य उपायों से हत्या करती हुई पशुओं को नष्ट करती है। अत: मानवता इसी में है कि किसी प्रकार की पाशविकता या दानवता का प्रदर्शन किसी भी स्थिति परिस्थिति में न किया जाए। जिस पाशविकता को पशु समाज में देखकर मनुष्य हिंसाचार की बातें करता है उसके विषय में उसे ज्ञात होना चाहिए कि तुझे हिंसाचार नही करना है, क्योंकि तू हो पशु न होकर मनुष्य है। तू अपना धर्म पहचान और उसके अनुसार आचरण करने वाला बन।

जिस वैदिक धर्म में हिंसा निषेध की बातें (प्रत्येक प्राणी के जीवन का सम्मान करते हुए) पूर्ण निष्ठा से की जाती है उसमें गाय जैसे अति उपयोगी प्राणी की हिंसा का निषेध ना हो, भला यह कैसे हो सकता है? वैसे भी गाय की उपयोगिता को सर्वप्रथम समझने वाला संसार का एकमात्र धर्मग्रंथ वेद है, और उसके द्वारा प्रतिपादित वैदिक धर्म है। भारत के लोगों के लिए यह परम सौभाग्य का विषय है कि हमने भारत माता के समान ही गौमाता को सम्मान दिया है। इसका कारण केवल यही है कि हमने गौमाता के महत्व को समझा है। जैसे दोपायों में मनुष्य सर्वश्रेष्ठ है वैसे ही चौपायों में गाय सर्वश्रेष्ठ है। जिसकी हत्या कदापि नही होनी चाहिए। हिंसक लोग उपद्रवी और अशांति उत्पन्न करने वाले होते हैं। जिससे विश्व में विद्या शिल्प व्यवसाय की उन्नति अवरूद्ध होती है। ऐसे उपद्रवी लोगों को समाप्त करने की प्रार्थना राजा से प्रजाजन करते हैं। राष्ट्रवासी राष्ट्रपति से कहते हैं :-

वि न इंद्र मृधो जहिअर्थात हे इंद्र! ऐश्वर्यशाली राजन! आपको हमने अपना राजा इसलिए नियुक्त किया है कि आप हमारे मसलने वालों को अर्थात मृधों को मार डालें, जो लोग हमारा किसी भी प्रकार से शोषण या उत्पीड□ करते हैं, उन्हें आप नष्ट कर दें। ऐसे लोग चाहे कितने ही साधन संपन्न और उच्च पदस्थ क्यों न हों राजा को प्रजा पीडक़ों के विनाश में कोई प्रमाद नही करना चाहिए। अथर्ववेद १/२१/३ में भी कहा गया है कि-''वि रक्षो वि मृधो जहि वि वृत्रस्य हनू रूज'' अर्थात जो लोग राक्षस प्रवृति के हैं, या प्रजा उत्पीडक़ हैं या प्रजा पर किसी भी प्रकार का अत्याचार करते हैं, उसका शोषण करते हैं, उसके जीवन और जीने के मौलिक अधिकार का हनन करते हैं, उनको राजा कठोर से कठोर दण्ड दे। उपद्रवियों को समाप्त करना राजा का धर्म है। इसीलिए ऋग्वेद (१०/१५२/२) में कहा गया है कि-

स्वस्तिदा विशस्पतिर्वृत्रहा वि मृधो वशी। वृषेन्द्र: पुर एतु न: सोमपा अभयंकर:।।

अर्थात सुख प्रदाता कल्याण प्रदाता प्रजा के लिए हर प्रकार से सुखशांति देने वाला प्रजा पालक पापनाशक प्रजोत्पीडक़ों का नियंत्रणकारी, सुखवर्षक, ऐश्वर्यरक्षक और अभयंकर भय रहित करने वाला व्यक्ति हमारा नेता हो।

राजा को ईश्वर का प्रतिनिधि माना जाता है। इसका कारण यह है कि जैसे राजा अपनी समस्त प्रजा (समस्त योनियों के समस्त जीवधारियों) के लिए कल्याणप्रदाता, सुखवर्षक, शांति प्रदाता आदि है उसी प्रकार राजा को भी हिंसाचार से किसी भी जीवधारी के प्राणों की रक्षा करनी चाहिए। उसे भी सबके प्रति दयाभाव अपनाने के लिए अपने राज्य के लोगों को प्रेरित करना चाहिए। यही कारण है कि भारत में दया को धर्म का मूल माना गया है। यह दयाभावना मनुष्य की मनुष्य के प्रति ही नही होनी चाहिए, अपितु सभी जीवधारियों के प्रति होनी चाहिए। तभी तो 'जीवों पर दया करो'-ऐसा आदर्श सूत्र वाक्य हमारे यहां बचपन में ही बच्चों को सिखाया जाता है। हिंसक जीवों को उस समय समाप्त कर देना उचित है जब वे मानव समुदाय को कहीं चोट करने लगते हैं, या अपनी हिंसा का शिकार बनाकर उन्हें समाप्त करने लगते हैं। वन्य हिंसक जीवों के शिकार की परंपरा भी हमारे राज-परिवारों में इसीलिए चली थी कि उनके शिकार करने से एक तो मानव समुदाय की रक्षा हो जाती थी, दूसरे क्षत्रिय लोगों का शस्त्राभ्यास भी हो जाता था। इस प्रकार शिकार की भी अपनी मर्यादाएं थीं, उसकी अपनी सीमाएं थीं। ऐसा नही था कि शिकार जब चाहे जिस प्राणी का कर लिया और उसे मारकर खा लिया। शिकार को मारकर खाने की परंपरा विदेशी है और इन विदेशियों के संसर्ग और संपर्क में आने पर भारतीयों को यदि यह रोग लगा तो यही वह संस्कृति है जिसे 'गंगा जमुनी संस्कृति' कहकर देश में प्रचारित कर महिमामंडित किया जाता है। इस गंगा-जमुनी संस्कृति ने हमें दोष दिये हैं, दुर्गुण दिये हैं और उन दोष व दुर्गुणों के दिये दुर्दिनों के कारण आज हम दु:ख भोग रहे हैं। क्योंकि हमने प्राकृतिक संतुलन को बिगाडने की दिशा में तो उन्नति की है पर उसे सुधारने की दिशा में कोई कार्य नही किया। वेद की भाषा में देशवासी अपने राष्ट्रपति से उपद्रवियों और प्रजोत्पीडकों के विनाश की अपील कर सकते हैं तो अन्य मूक प्राणियों की अंतर्मन की पीड़ा को राजा को स्वयं ही सुनना चाहिए, उनके जीवन की रक्षा का भार वह वैसे ही उठाये जैसे ईश्वर अपनी प्रजा की सुरक्षा का भार उठाये रहता है, क्योंकि राजा ईश्वर का प्रतिनिधि है। यदि राजा अपने कर्त्तव्य में चूक करता है तो मनुष्य समुदाय से उत्पीड़ित प्राणियों को अधिकार है कि वे राजाओं के राजा स्वयंभू ईश्वर से अपनी पुकार करें कि मनुष्य के उत्पातों से हमारी रक्षा करो। वह ईश्वर न्यायकारी है। वह जब देखेगा कि मनुष्य अपने धर्म से और राजा अपने धर्म से डिग गया है और इनके कारण अन्य जीवधारियों का अस्तित्व ही संकट में है तो वह अपने न्याय से ऐसे राजा और ऐसे लोगों का भारी विनाश कर सकता है। सारी मानवता आज परमाणु युद्घ के भय के साये में जी रही है कहीं यह भय ईश्वर के किसी न्याय की ओर तो प्रकृति का संकेत नही है?

Stop It Or We Will: Supreme Court To Team Yogi About Fining CAA Protests

